● bordernewsmirror@gmail.com
● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
● द्विभाषिक समाचार पत्र

02 हाई कोर्ट ने अगली तारीख में बुडको को प्रगति रिपोर्ट सौंपने को कहा

04 पीएम के आह्वान पर भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल ने दलित बस्ती में मनायी संक्रांति

# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं



● पटना, बुधवार, 17 जनवरी 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 04, अंक: 332

खास समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने दी सीलबंद क्षेत्र की पानी टंकी सफाई की अनुमति

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने विवादित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सीलबंद क्षेत्र की पानी टंकी की सफाई के लिए वाराणसी जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश देने की कुछ हिंदू महिलाओं की एक याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका स्वीकार की। पीठ ने मुस्लिम पक्ष की इस दलील को संज्ञान में लिया कि उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। मुस्लिम पक्ष के वरिष्ठ वकील हुज़ेफ़ा अहमदी ने पीठ के समक्ष कहा कि उनके मुवक्किल को पानी टंकी की सफाई को लेकर कोई आपत्ति नहीं है।

# जनता का एक-एक पैसा भलाई में लगे: मोदी

## रामलला के दर्शन करने गए थे कांग्रेस नेता, पार्टी का ध्वज पैरों तले कुचला

पालासमुद्रम । अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय अनुष्ठान कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रामराज की कर व्यवस्था और सुशासन का हवाला देते हुये कहा कि कर व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें जनता द्वारा दिये गये एक -एक पैसा उनकी भलाई में लगे और उनकी सरकार पिछले करीब 10 वर्षों से यही काम कर रही है।

श्री मोदी ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स राष्ट्रीय अकादमी के यहां नव निर्मित परिसर का शुभारंभ करने के मौके पर कहा कि लोकतंत्र में राजा प्रजा होती है और सरकार प्रजा की सेवा का काम करती है। इसलिए सरकार को पर्याप्त राजस्व मिलती रहे इसमें इस संस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुये कहा कि आजकल पूरा देश राममय है। रामजी की भक्ति में सराबोर है। प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार और आस्था भक्ति के दायरे से कही ज्यादा है। प्रभु श्रीराम सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो इस संस्थान के लिए प्रेरणादायक बन सकते हैं। रामराज ऐसा लोकतंत्र था जहां हर नागरिक की आवाज सुनी जाती थी। रामराज निवासी के लिए कहा गया है कि अपना मस्तष्क ऊंचा रखो, धर्म को जानो, तुम



रामराज के वासी हो। रामराज सुशासन के चार खंभों पर खडा था जहां बिना भय के हर कोई सर ऊंचा करके चलता था। जहां कमजोर की सुरक्षा होती थी और कर्तव्य सर्वोपरि था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रामराज में कर कैसे लिया जाता था, इस पर स्वामी तुलदीदास ने कहा है कि सूर्य पृथ्वी से जल खींचता है और वही जल वारिश बन कर धरती पर आता है। उन्होंने कहा, " हमारी कर व्यवस्था भी वैसे ही होनी चाहिए। जतना से गयी पाई-पाई जनता की भलाई में लगे।


पिछले 10 वर्षों में कर व्यवस्था में व्यापक पैमाने पर सुधार किये गये हैं। पारदर्शिता के अभाव में कारोबारियों को परेशान किया जाता था। जीएसटी के रूप में एक आधुनिक व्यवस्था दी गयी है। आयकर व्यवस्था को भी आसान बनाया गया है। फेसलेस कर मूल्याकंन व्यवस्था की गयी है।

## विकसित राष्ट्र बनने के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी : मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है।

श्रीमती मुर्मु ने आज मेघालय के तुरा में बलजेक हवाई अड्डे पर स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने तुरा में नए एकीकृत प्रशासन परिसर की आधारशिला भी रखी।

राष्ट्रपति ने कहा ," देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में महिलाओं का सशक्तीकरण आवश्यक है। देश की महिलाएं अपनी पहचान बना रही हैं



और प्रत्येक क्षेत्र में अन्य महिलाओं के लिए मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। चाहे वह क्षेत्र रक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, शिक्षा, उद्यमिता, कृषि या कोई अन्य कोई भी क्षेत्र हो। महिलाओं को केवल कुछ प्रेरक शब्दों, प्रोत्साहन और अच्छे कार्यों पर सराहना की आवश्यकता है।"

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि महिला नेतृत्व-विकास का विचार तभी लागू किया जा सकता है जब महिलाओं को अपनी पसंद का चयन करने की स्वतंत्रता मिले। आर्थिक स्वतंत्रता के साथ, यह कुछ हद तक संभव हो पाया है। आर्थिक आत्मनिर्भरता से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि महिलाएं देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय रूप से और बड़ी संख्या में योगदान दें। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में सुधार के लिए कई कार्य किए गए हैं। सरकार ने न केवल महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए कई प्रयास किए हैं, बल्कि उनकी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए हैं। हालांकि, महिला सशक्तीकरण की दिशा में अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास की महिलाओं के नैतिक मूल्यों और गुणों को पहचानना शुरू करें और उनका समर्थन करें।

श्रीमती मुर्मु ने स्वयं-सहायता समूहों के सदस्यों से कहा कि वे विकास के मार्ग पर आगे बढ़े और अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि यह अकेले उनकी यात्रा नहीं है, बल्कि देश में बड़ी संख्या में महिलाओं की यात्रा है, जिन्हें अभी भी अपने घरों की चारदीवारी से परे अवसरों का पता लगाना बाकी है। उन्हें अपने क्षेत्र और देश की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनना चाहिए।

### जिस दिन अयोध्या में होगा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, उसी दिन कोलकाता में बड़ा मार्च निकालेंगी: ममता बनर्जी

कोलकाता। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले होने जा रहे 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम के जरिए बीजेपी अन्य विपक्षी दलों पर एक मनोवैज्ञानिक बढ़त लेने का प्रयास कर रही है। सभी दल बीजेपी को काउंटर करने के लिए अपनी-अपनी रणनीति बना रहे हैं। ममता बनर्जी की पार्टी ने प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन के लिए बड़ा प्लान बनाया है। ममता बनर्जी ने खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया, "मैं 22 जनवरी को एक रैली निकालूंगी। यह काली मंदिर से शुरू होगी। यहां मैं मां काली की पूजा करूंगी।इसके बाद हम हजारा से पार्क सर्कस मैदान तक 'अंतरधार्मिक रैली' निकालेंगे। इस दौरान हम रास्ते में आने वाले मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे कवर करेंगे।

### नामीबिया से आए एक और चीते ने तोड़ा दम

भोपाल। कूनो नेशनल पार्क से आज फिर एक बुरी खबर सामने आई है. यहां चीता शौर्य ने दम तोड़ दिया है. कूनो में अब तक दस चीतों की मौत हो चुकी है, इनमें सात चीते और तीन शावक शामिल हैं. लॉयन प्रोजेक्ट के डायरेक्टर ने बताया कि आज करीब सवा तीन बजे चीता शौर्य की मौत हुई. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का खुलासा होगा. लॉयन प्रोजेक्ट के डायरेक्टर ने बताया कि आज करीब सवा तीन बजे चीता शौर्य की मौत का पता चला. उन्होंने कहा कि चीता शौर्य की मौत किन कारणों से हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आने के बाद होगा. उन्होंने बताया कि सुबह करीब 11 बजे मॉनिटरिंग टीम को चीता शौर्य अचेत अवस्था में मिला. चीते को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन चीता शौर्य की जान नहीं बचाई जा सकी. बता दें कि कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीते लाए थे।

सुनवाई | कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में 3,300 करोड़ रुपये के कथित घोटाले का मामला

# नायडू की याचिका पर सुप्रीम की बड़ी पीठ करेगी फैसला

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में 3,300 करोड़ रुपये के कथित घोटाले के मामले में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की उनकी याचिका पर मंगलवार को विभाजित फैसला सुनाया।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने वर्ष 2018 के भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 ए की प्रयोज्यता पर निर्णय लेने के लिए एक बड़ी पीठ गठित करने के लिए मामले को शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजने करने का आदेश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने श्री नायडू का पक्ष रखते हुए दलील दी थी कि



वर्ष1988 के भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के 26 जुलाई 2018 को संशोधित अधिनियम के तहत अनिवार्य मंजूरी के बिना उनके मामले में जांच शुरू करना और मुकदमा दर्ज करना अनुचित है।

न्यायमूर्ति बोस ने आदेश सुनाते हुए कहा कि यदि धारा 17 ए के तहत सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के बिना कोई पूछताछ और जांच शुरू की गई है, तो इसे अवैध माना जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री नायडू के मामले में उनके आदेश से नेता के खिलाफ अनुमति प्राप्त करने का अवसर समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हिरासत आदेश और गिरफ्तारी को अवैध नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने अपनी ओर से कहा कि संशोधन अधिनियम 2018 का उपयोग नए प्रावधानों को लागू करने के लिए अधिसूचित 26 जुलाई 2018 की तारीख से पहले के अपराधों के लिए अधिकारियों की अनिवार्य मंजूरी लेने के लिए नहीं किया जा सकता है। संशोधन अधिनियम 2018 को संभावित रूप से लागू किया जाएगा, अधिसूचना की तारीख से पहले हुए अपराधों पर नहीं। उन्होंने कहा कि प्रावधानों का इस्तेमाल बेईमान लोक सेवकों को लाभ पहुंचाने के लिए नहीं किया जा सकता और यह तारीख से पहले किए गए अपराधों के लिए कार्यवाही को रद्द करने का आधार नहीं होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य में कौशल विकास केंद्र स्थापित करने से संबंधित अपराध जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा दर्ज 2021 मुकदमा के मामले में आठ सितंबर 2022 को अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी।

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

# हाई कोर्ट ने अगली तारीख में बुडको को प्रगति रिपोर्ट सौंपने को कहा

### पटना हाई कोर्ट में नवनिर्मित बस स्टैंड की ओर जाने वाली सड़क-नालों की दयनीय हालत पर सुनवाई




पटना। पटना हाई कोर्ट ने मंगलवार को राजधानी में निर्मित नये बस स्टैंड की ओर जाने वाली सड़क और नालों की दयनीय हालात पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता संजय कुमार टेकरीवाल की जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस के वी चंद्रन की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए बुडको को अगली सुनवाई में प्रगति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इस जनहित याचिका पर अगली सुनवाई 22 फरवरी को होगी।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि इस सड़क व नालों के निर्माण के लिए 2021 में ही धनराशि जारी कर दी गयी थी। ये योजना तकनीकी समिति के प्रस्ताव पारित करने के लिए 8 जून, 2021 को भेजा था। फिर नगर निगम की ओर से बताया गया कि अगस्त, 2023 को पुनः तकनीक समिति को भेजा गया है।

अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि आम लोगों को बस स्टैंड में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण भयंकर कष्टों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन ये योजना लाल फीताशाही का शिकार हो गई है । उन्होंने बताया कि ये बस स्टैंड काफी बड़ा है, जहां राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से बसें आती जाती है। बड़ी तादाद में यात्रीगण इस बस स्टैंड में बस पकड़ने आते है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इसके बावजूद इस बस स्टैंड की हालत काफी दयनीय है। यहां बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं। सड़कों की हालत खराब होने के कारण यात्रियों को बस स्टैंड में आने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता हैं ।

उल्लेखनीय है कि पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट को बताया गया था कि सड़क व नालों के निर्माण लिए धनराशि की तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी लेकिन अभी इस धनराशि के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलना शेष है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को ये बताने को कहा गया था कि सड़क का निर्माण कार्य पूरा हुआ है या नहीं। हाई कोर्ट ने ये भी बताने को कहा था कि यदि सड़क निर्माण का कार्य पूरा नहीं हुआ, तो क्यों नहीं हुआ।

# भागलपुर पुलिस की इंसानियत, ठंडे से बेहोश महिला को इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल

भागलपुर। भागलपुर के मुंदीचक मोहल्ले में काम करने वाली लक्ष्मी मंगलवार सुबह काम करने के लिए निकली तब वह अचानक ठंड से गिरकर बेहोश हो गई। जिसके बाद आसपास के लोगों के द्वारा इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। इसके बाद तुरंत डायल 112 की गाड़ी पहुंचकर बीमार महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ठंड लगने के कारण महिला बेहोश हो गई है। जिसको लेकर डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। वहीं महिला को इलाज के लिए ले जाने वाले 112 की गस्ती गाड़ी में प्रेम कुमार, गोलू कुमारी और प्रिया यादव ने महिला को अस्पताल पहुंचाने में अहम योगदान दिया। जिससे महिला की जान बच सकी।

## इंडिया गठबंधन में सब ठीक : जदयू

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने मंगलवार को दावा किया कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच कोई मतभेद नहीं है और गठबंधन में सब कुछ ठीक है।

जदयू के वरिष्ठ नेता और बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच किसी भी मुद्दे पर कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसी सभी अटकलें मीडिया की उपज हैं।

## फुलवारीशरीफ़ में दुष्कर्म-हत्या के खिलाफ भाजपा ने निकाला कैंडल मार्च

पटना। फुलवारीशरीफ़ इलाके में मांझी समुदाय की दो मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म और एक की हत्या के विरोध में मंगलवार की शाम दीघा विधानसभा क्षेत्र में कैंडल मार्च निकाला गया। जो आशियाना मोड़ से शेखपुरा मोड़ तक गया। मार्च का नेतृत्व स्थानीय विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने किया। मार्च में करीब 300 लोगों ने भाग लिया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। विधायक ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। राजधानी पटना भी सुरक्षित नहीं है। दुष्कर्म मामले के दो आरोपियों में एक अभी भी फरार है। पुलिस-प्रशासन पकड़े गए आरोपी को साइको किलर घोषित कर मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। डॉ. चौरसिया ने कहा कि दलितों-महादलितों की हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार का कोई मंत्री या जन प्रतिनिधि अबतक पीड़ति परिवार से मिलने नहीं गया जबकि इस घटना को हुए एक हफ्ता बीत चुका है।

# आठवीं तक के सभी स्कूल 20 जनवरी तक रहेंगे बंद

पटना। बढ़ते ठंड और शीतलहर को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने ठंड की छुट्टी को बढ़ा दिया है। डीएम के नए आदेश के अनुसार अब आगामी 20 जनवरी तक 8 वीं तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे।

इससे पूर्व 16 जनवरी तक जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 8 वीं तक की कक्षा के संचालन पर रोक लगया दिया था । लेकिन बढ़ते ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने 8 वीं तक के स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाने का फैसला लिया है। पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह ने 8 वीं तक के सभी स्कूलों को आगामी 20 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया है।

पटना डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में ठंड का मौसम और कम तापमान अभी भी जारी है।



जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। ऐसे में दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा-144 के तहत पटना जिला के सभी निजी और सरकारी स्कूलों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में वर्ग-8 तक शैक्षणिक गतिविधियों पर लगाए गए प्रतिबंध को 20 जनवरी तक बढ़ाया जाता है।

# 94 लाख परिवारों को मिलेंगे दो-दो लाख

### नीतीश कैबिनेट ने लगाई मुहर



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बड़ा दाव खेला है। बिहार सरकार गरीबी रेखा से नीचे रह रहे 94 लाख परिवारों में एक-एक सदस्य को दो लाख रुपये अनुदान देगी। बिहार कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है। दो वित्तीय वर्ष के लिए 1250 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दे दी गई है।

जाति आधारित गणना के अनुसार बिहार में गरीब परिवारों की संख्या 94 लाख से अधिक है। बिहार सरकार अगले 5 वर्षों में प्रत्येक गरीब परिवार को कम से कम एक सदस्य को रोजगार के लिए प्रेरित करेगी। इसके लिए अधिकतम दो लाख अनुदान की राशि तीन किस्तों में दी जाएगी, जिससे वे लघु उद्योग स्थापित कर सकें। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। नीतीश कैबिनेट ने बिहार लघु उद्यमी योजना के प्रस्ताव पर आज सहमति प्रदान की है। यह योजना अगले पांच वर्षों के लिए दी गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में ढाई सौ करोड़ रुपये, 2024-25 में 1000 करोड़ रुपये यानी कुल 1250 करोड़ रुपये की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

दिल्ली स्थित बिहार निवास का पुनर्विकास होगा। इसके लिए 121 करोड़ 83 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति दी गई है। बिहार उद्यान अधीनस्थ सेवा के प्रखंड उद्यान पदाधिकारी भर्ती, प्रोनत्ति एवं सेवा शर्त नियमावली 2024 की स्वीकृति दी गई है। किडनी प्रत्यारोपण के बाद मरीज के दवा सेवन के लिए पहले साल में दो लाख 16,000 रुपये मिलेंगे। चिकित्सीय अनुदान की स्वीकृति दी गई है। प्रथम वर्ष के लिए 6-6 महीने पर दो किस्तों में इस राशि का भुगतान होगा।

दुर्गावती जलाशय परियोजना का पंचम पुनरीक्षित राशि 1263 करोड़ 30 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। एनएच प्रमंडल मोतिहारी के तत्कालीन सहायक अभियंता मोहम्मद गजनफर को लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया है। सरकार के स्वामित्व वाले बीमा रहित मोटर वाहनों से हुई दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को पांच लाख तथा गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है।



M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

# नौ दिवसीय महायज्ञ का किया गया आयोजन

तुरकौलिया। प्रखंड अंतर्गत मथुरापुर पंचायत के आमवा गांव में 9 दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ मंगलवार से की गई है। वही महायज्ञ को लेकर आमवा गांव से 251 कन्याओं द्वारा कलश यात्रा निकाला गया। जहां आमवा गांव से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पैदल चलते हुए कलश यात्री जलबोझी के लिए गांधीघाट तुरकौलिया पहुंचे थे। गांधीघाट से जल लेकर कलशयात्री फिर आमवा के लिए रवाना हो गए। जहां विधिवत पूजा पाठ करने के बाद महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। श पिपरा स्टेशन के प्रवचनकर्ता के रूप में श्री श्री रामदास रमायणी बाबा सहित अन्य जगहों से आए बाबा व जगदीश बाबा नवाह मंडली के रूप में मौजूद रहेंगे। वही यज्ञकर्ता शैलेन्द्र पाण्डेय, स्वागतकर्ता संजय पाण्डेय, सेवाकर्ता के रूप में सम्पूर्ण ग्रामीण महायज्ञ को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। गौरतलब है कि महायज्ञ को लेकर इलाके में लोगों के बीच खुशी की लहर है। इसकी तैयारी में लोग काफी दिनों से लगे हुए थे। इस अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया है। आसपास के चारों तरफ दुकानें भी सजी हुई है। चारों तरफ जबरदस्त लाइटिंग व साउंड की व्यवस्था की गई है।



### संक्षिप्त समाचार

## सीएचसी प्रभारी ने की समीक्षा बैठक

तुरकौलिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुरकौलिया में समीक्षात्मक बैठक सीएचसी प्रभारी डा. अर्जुन कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में हुई। जहां सभी विभागों के कार्यो की सिलसिलावार समीक्षा की गई। प्रभारी श्री गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक बैठक का आयोजन कर टीकाकरण, डिलेवरी आदि कार्यों की समीक्षा की जाती है। सीएचसी के अंतर्गत चलने वाला योजना भी शामिल रहता है। अस्पताल के अंदर या बाहर क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर कितना कार्य हुआ है। सभी कार्यो की समीक्षा पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक कर की जाती है। बैठक में चिकित्सा प्रभारी डॉ. अर्जुन कुमार गुप्ता, प्रखंड प्रसार प्रशिक्षक जमाल अहमद, बीएचएम नौशादुल आज़म, बीसीएम कुमार विमलेंदु, महाविद्यानंद झा, रमाकांत प्रसाद, जीएनएम नर्मदा कुमारी आदि कर्मी मौजूद थे।

# रोटरी जिला 3250 के मंडल अध्यक्ष द्वारा रोटरी मोतिहारी लेक टाउन का शासकीय दौरा संपन्न

मोतिहारी। सोमवार को शहर स्थित आईएमए भवन में रोटरी मोतिहारी लेक टाउन द्वारा आयोजित रोटरी जिला 3250 के मंडल अध्यक्ष द्वारा रोटरी मोतिहारी लेक टाउन के द्वारा किया गए कार्यों का समीक्षा किया गया। इस क्रम में उन्होंने क्लब द्वारा किए गए कार्यो का अवलोकन करते हुए कुछ कार्यों की विशेष सराहना की जिसमें गांधी मैदान स्थित जेल के सामने एवं लुंबिनी भवन के सामने बनवाए गए पार्कों की प्रशंसा कि। उन्होंने अपने संबोधन में बताया की 12 वर्ष से कम आयु के वैसे बच्चे-बच्चियों जिनके दिल में छेद है उनका रोटरी द्वारा मुफ्त में ऑपरेशन कराया जा रहा है। अगले 5 महीना में 500 मरीजों का ऑपरेशन करवाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अपील की कि आप वैसे बच्चे-बच्चियों को चिन्हित कर उनका रिपोर्ट भेजें ताकि उन गरीब बच्चे-




बच्चियों का मुफ्त में इलाज हो सके। इस कार्यक्रम में अपने उत्कृष्ट सेवा के लिए एक महिला गेटमैन पूजा कुमारी एवं ट्रैफिक पुलिस संजीत कुमार को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। अपने इस सत्र के छह महीना के कार्यकाल में किए गए कार्यों का ब्योरा अध्यक्ष रोटेरियन राकेश कुमार रामू द्वारा पटल पर रखा गया एवं सचिव डॉक्टर प्रिया प्रसाद द्वारा इसकी विस्तृत जानकारी दी गई तथा आने वाले कार्यों के बारे में भी सचिव द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। सभा को रोटरी मोतिहारी के अध्यक्ष डॉक्टर एलबी प्रसाद, चकिया के स्टेनली पिल्लई ईस्ट चंपारण लाइंस क्लब के अध्यक्ष सुजीत कुमार आदि ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि एवं उनके धर्मपत्नी रोटेरियन रंजना बगड़िया को क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर स्वस्ती सिन्हा एवं डॉक्टर सुशील सिन्हा द्वारा मोमेंटो व शॉल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन राकेश कुमार सिन्हा, आगत अतिथियों का स्वागत रोटेरियन देवप्रिय मुखर्जी एवं धन्यवाद ज्ञापन रोटेरियन सौरभ जयसवाल द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण कुमार, राकेश कुमार गुप्ता, रोहित कुमार, राजीव कुमार राजु, अरविंद कुमार, कमल किशोर श्रीवास्तव, प्रियंका सरकार, अरविन्द कुमार, गौरव तिवारी, शुशील कुमार, धर्मेन्द्र कुमार एवं डा. आलोक कुमार तथा रोटरेक्ट मोतिहारी लेक टाउन के अध्यक्ष राहुल सचिव अदिति, अर्पण, प्रसिद्ध, मकबूल सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

# बेतिया मेडिकल कॉलेज से 2 दिन का नवजात हुआ चोरी, परिजन का हंगामा

बेतिया। जीएमसीएच हॉस्पिटल बेतिया से एक नवजात बच्चा चोरी हो जाने का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पश्चिमी चंपारण जिला के नौतन प्रखंड के संतपुर निवासी शेख मुराद अली अपनी पत्नी माजदा खातून को लेकर डिलीवरी हेतु 14 जनवरी को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल, बेतिया आए।

जहां 15 जनवरी को ऑपरेशन कर नवजात शिशु लड़का का जन्म हुआ। मंगलवार को प्रातः 2 बजे अस्पताल से ही उनका बच्चा की चोरी हो गई इसके बाद परिजन व्याकुल हो उठे और कोहराम मच गई इसकी सूचना परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन एवं नगर पुलिस को दिया।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस घटना से अस्पताल में आए अन्य महिला मरीज सहित मरीजों के परिजनों में हड़कंप का माहौल बना



दिखा। बताते चलेगी जीएमसीएच अस्पताल में यह कोई पहली घटना नहीं है। इन दोनों जीएमसीएच अस्पताल दलालों का सुरक्षित अड्डा बन गया है।

इन दलालों का कनेक्शन अस्पताल केडॉक्टररों से भी बताई जाती है। जिसके कारण अस्पताल दलालों का बेखौफ अड्डा बना हुआ है।

## गोदाम से 10 लाख मूल्य के सामान की चोरी

बीएनएम@केसरिया। अज्ञात चोरों ने केसरिया मेला बाजार स्थित एक गोदाम को अपना निशाना बनाया है। जहाँ करीब 10 लाख रुपया मूल्य के अनाज की देर रात चोरी की गई है। पीड़ित गोदाम संचालक लोहरगवां निवासी रविरंजन कुमार ने घटना की बाबत प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया है कि केसरिया मेला में उनका गोदाम है। जहाँ बाजार से खरीदे गये गेंहूँ, तोड़ी, खेसारी सहित अन्य सामान रखते हैं। आठ जनवरी की देर रात अज्ञात चोरों ने गोदाम के समीप ट्रक लगाकर गोदाम में रखे गये अनाज की चोरी कर ली। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख है। सूचक ने बताया है कि गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी चोर अपने साथ ले गये हैं। पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।



## प्रखंड प्रमुख पर लगा अविश्वास प्रस्ताव खारिज

बीएनएम@केसरिया। प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध लगा अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया है। प्रखंड सभागार में अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को विशेष बैठक बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता दक्षिणी हुसैनी के पंचायत समिति सदस्य चंदा देवी ने की। चंदा देवी के अलावा बैठक में प्रखंड प्रमुख आलिया प्रवीण शामिल हुई। बैठक शुरू होने के एक घंटा इंतजार के बाद कोई भी पंचायत समिति सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सका। जिसके बाद बीडीओ मनीष कुमार सिंह ने पंचायत समित सदस्यों के नहीं पहुंचने के कारण अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इस तरह आलिया प्रवीण की कुर्सी बच गई। मौके पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह अपने दल बल के साथ मौजूद थे। उसके बाद समर्थकों द्वारा मिठाइयां बांटी गई।




## त्रिशुली नदी से बोलेरो मिली

मोतिहारी। नेपाल के नारायणगढ़-मुगलिंग मार्ग में पड़ने वाले खाड़ी में गिरी भारतीय बेलेरो गाड़ी मंगलवार को शाम बरामद कर ली गई है। हालांकि अब तक उक्त वाहन में बैठे यात्रियों का कोई अता-पता नही चल पाया है। जानकारी के मुताबिक त्रिशुली नदी में 09 जीसी/ 1430 नंबर की एक भारतीय बोलेरो गिरी हुई बरामद हुई है। जिसकी जानकारी मुंगलिग के पुलिस अधिकारी राजेंद्र बहादुर ने दी। मंगलवार की अहले सुबह नारायणगढ़-मुगलिन सड़क में पड़ने वाले चितवन के इच्छा कामना-5 के तीन नंबर पुल के नजदीक नदी में लगभग 85 मीटर नीचे बोलेरी गाड़ी गिर गई।

# लक्मे एकेडमी का उद्घाटन स्वरोजगार के लिए बड़ी उपलब्धि: गरिमा

**लक्मे इंडिया लिमिटेड को बताया प्रतिष्ठित टाटा औद्योगिक घराने द्वारा स्थापित स्वदेशी कंपनी**



**बेतिया।** नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने मंगलवार को नगर सुप्रिया सिनेमा रोड में लक्मे एकेडमी का उद्घाटन किया। इस मौके पर कंपनी की मिस आलिया, प्रिंस कुमार, काउंसिलर आयशा, हेयर ब्यूटी एक्सपर्ट करबी सरकार, सहनावाज अली, मिस पूजा, मैनेजर जय आदि कंपनी के अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में आमंत्रित लोग उपस्थित रहे। इस मौके मौके पर महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि 'लक्मे इंडिया लिमिटेड' विशुद्ध तौर पर अपने देश की स्वदेशी कंपनी है।जिसकी शुरुआत 1952 में हमारे प्रथम प्रधानमंत्री की प्रेरणा से देश के जाने माने उद्योगपति जेआरडी टाटा ने की थी। आज कंपनी करीब 300 प्रॉडक्ट हैं और देशभर के साथ दुनिया के करीब 70 से भी ज्यादा देशों में कारोबार आज लैक्मे प्रॉडक्ट की मांग है। इसके उत्पादों की रेंज 100 रुपये से शुरू होती है। आज लैक्मे का 6 माह का ब्यूटी कोर्स भी है, जो कि एक डिप्लोमा कोर्स है। गरीब लड़कियों के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम और स्टार्टअप शुरू करने में मदद की भी पेशकश की जा रही है। लैक्मे फैशन वीक,लैक्मे शोज जैसे अनेक उपयोगी ईवेंट भी कंपनी की ओर से आयोजित किए जाते हैं। आज से शुरू लक्मे एकेडमी का लाभ जिला के युवाओं और युवतियों को प्राप्त करना चाहिए। क्योंकि ब्यूटीशियन और सौंदर्य प्रसाधन के सेक्टर में रोजगार और कारोबार के बड़े अवसर मौजूद हैं।

# पीएम के आह्वान पर भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल ने दलित बस्ती में मनायी संक्रांति

बगहा। मकर सक्रांति के दिन से सात दिवसीय श्रीराम खिचड़ी का उद्घाटन भाजपा नेता सह स्वाभिमान ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने बगहा-01 प्रखंड के मेहुडा पंचायत के कदमहवा स्थित मुसहर टोली में की।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का भव्य उद्घाटन आगामी 22 जनवरी को होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर कदमहवा दलित बस्ती के हर घर-घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल ने एक मुट्ठी चावल तथा एक मुट्ठी दाल मांगा और बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।दिनेश अग्रवाल ने सभी घरों से मिले चावल और दाल का मिश्रण कर दलित समाज के लोगों के साथ श्री राम खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया। साथ ही समाज के लोगों को यह संदेश दिया की समाज में कोई अछूता नहीं हैं। हम सभी एक ही ईश्वर के संतान हैं। हम सभी के रंगों में एक ही खून बहता हैं तो फिर हम जाति पाती का भेद क्यों करते हैं। जरूरत हैं हमें समाज के सभी वर्गो के लोगों के साथ मिलजुल कर रहने की, कोई ऊंच- नीच जाति का भेदभाव नहीं होना चाहिए।



अग्रवाल ने मौके पर अयोध्या धाम से आए निमंत्रण को दलित बस्ती के हर घरों में अपने हाथों से वितरण किया। लोगों से 22 जनवरी को घर- घर दीप जलाकर खुशहाली से उत्सव मानने का आग्रह किया। उन्होंने लोगो को बताया की 22 जनवरी को श्री राम का आगमन हो रहा हैं। अपने आस पास के मंदिरों को तथा अपने घरों को दीप से सजाकर प्रभु श्री राम का स्वागत करें। इस समय को यादगार बना दें।

मौके पर सुरेश प्रसाद, जितेंद्र कुमार, प्रेमशंकर सिंह, अशोक राव, प्रेम किशोर, उमेश यादव, विवेक जायसवाल आदि लोगो का सराहनीय सहयोग रहा।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी के लक्षणों की दी गई जानकारी

बेतिया। जिले में नरकटियागंज प्रखंड स्थित ग्राम बनवरिया एवं अजुआ में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग एवं केएचपीटी संस्था के सहयोग से लोगों को टीबी के लक्षण एवं उससे बचाव की जानकारी मंगलवार को दी गई।

सीएचओ सोनम सिंह ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी रहे, बलगम के साथ खून आये, शाम को लगातार बुखार आये, वजन कम होने लगे, भूख कम लगे तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर से परामर्श लेकर टीबी की जांच करवानी चाहिए।

सभी सरकारी अस्पताल में टीबी की जांच एवं इलाज फ्री में होता है। टीबी मरीजों को सरकार द्वारा 500 रुपये की राशि पोषण हेतु दी जाती है।

केएचपीटी की जिला प्रतिनिधि मेनका सिंह ने बताया कि सामुदायिक जागरूकता से ही टीबी बीमारी को समाज से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी हारेगा, देश जीतेगा के शोलगन के द्वारा ग्रामवासियों को जागरूक किया जा रहा है। प

्रखंड समन्वयक अन्नू कुमारी ने बताया कि नियमित दवाओं के साथ संतुलित पोषण लेने से टीबी रोगियों को टीबी से मुक्ति मिल जाती है। इसके लिए टीबी रोगी को समय पर पौष्टिक आहार लेने की जरूरत होती है।

सीएस डॉ श्रीकांत दुबे ने बताया कि लक्षण होने पर बलगम की जांच कराएं। एक्स-रे कराएं। चिकित्सक द्वारा पुष्टि करने पर सावधानी बरतें। घरों में साफ-सफाई रखें। बीमार व्यक्ति मुंह पर रुमाल लगाकर चलें। जिले के टीबी अस्पताल, प्रखंड स्वस्थ्य केन्द्रों पर टीबी की निःशुल्क जांच व मरीजों का इलाज होता है।

# गांजा तस्करी मामले में दो को दस वर्षों का सश्रम कारावास

**बीएनएम@मोतिहारी**

प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने गांजा तस्करी मामले में दोषी पाते हुए ट्रक चालक एवम सह चालक को मंगलवार को दस दस वर्षों का सश्रम कारावास एवम दो दो लाख रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाया।

सजा बंजरिया थाना के बुढ़वा गांव निवासी ट्रक चालक भीम साह एवम अजगरी मठ चैलाहा निवासी सह चालक राकेश भगत को हुई। मामले में सुगौली थाना के तत्कालीन पुअनि मिथलेश कुमार ने सुगौली थाना कांड संख्या- 370/2020 दर्ज कराते हुए दोनों को नामजद किया था। जिसमें कहा था कि 18 जुलाई 2020 को गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक से प्रतिबंधित मादक पदार्थ तस्करी कर लाया जा रहा है। सूचना के आलोक में वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार करीब 12 बजे दिन में एनएच-28 चिलझपटी पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान एक ट्रक को रोका गया। ट्रक रुकते ही चालक एवम खलासी भगाने लगा। जिसे पुलिस बल ने दौड़कर पकड़ लिया। जांच के दौरान ट्रक के केबिन के पीछे बने तहखाना से 13 बंडल में एक क्विंटल प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया। एनडीपीएस वाद संख्या 27/2020 विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक डा. शंभूशरण सिंह ने सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा। न्यायाधीश ने धारा 20(बी)ii(सी) एवम 25 एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाये है।






# नारियां अब पुरुषों की परछाईं नहीं पारिवारिक समाज का आधार स्तंभ

**संजीव ठाकुर**


आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है। वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है।

स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था। इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है।

महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है.

उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है।।

# ख्वाब में हकीकत



**ममता सिंह राठौर, कानपुर**

सपने जो हम सोते हुए देखते हैं,उनके बारे में आप लोगो की क्या राय है? बताइगा। वैसे मेरी भी समझ में कुछ ज्यादा नहीं है, हां पर यह लगता है कि जो मन में चल रहा होता है वो देखते हैं, फिर कभी बिल्कुल विचित्र सपने होते हैं। खैर, आज हम आप को आज के सपने में देखी हुई घटना का ही विवरण दे रही हूं जो बिल्कुल सच है।

हुआ यूं की आज दोपहर मैं जब सोई तो इस सपने ने ही जगा दिया, तो मन थोड़ी देर तक सोचता रहा फिर हँसी भी आ गई तो सोचा चलो आप लोगों को भी जगाते हैं, हँसाते हैं। अच्छा आज समय का जो दौर है उसके साथ सब लोग क्या चल पा रहे? हां पर कुछ लोग दौड़ रहें है कुछ लोग छलांग लगा रहे हैं, पर कुछ लोग बेचैन भी हैं और सोचते हैं कि हमारी भारत भूमि जहां सत्यवादी हरिश्चंद्र, राजा दशरथ, जैसे लोग हुए हैं बल्कि आज भी किसी विद्यालय में झूठ का समर्थन नहीं होता। सामने से, बाकी आप सब की राय,पर अब आप चलते फिरते देखो कैसे -कैसे लोग, एक छोटी सी बात मन में घूम रही थी।

हुआ यूं की किसी से मेरी यूं ही रास्ते में मुलाकात हुई, नमस्ते की, हमने तो वो खड़ी हो गई बात करती रहीं। मेरे सच्चे लेखन की जिससे वो बहुत प्रभावित हैं, ऐसा बताया उन्होंने, तभी मेरी नजर उनके हाथ में दूध की बाल्टी पर पड़ी तो हमने पूछ लिया कितने में देते हैं दूध? तो जवाब देखिए- हमने पूछा ही नहीं कितने में देता है हम तो जो बिल देता है बस दे देती हूं.... हिहिही। हमें भी हँसी आ गई,अच्छा जी राम राम।

अब अगली कथा जिसने हमें जगा दिया वो यह की सपने में सजी संवरी आठ -दस औरतें दिखीं तो हमने पूछा- आज करवा चौथ है क्या? तो सब की सब देखी होंठ तो हिलाईं पर जवाब नहीं दिया। हमने फिर पूछा तो फिर वही अभिनय की और एक ने कहा हां है करवा चौथ,तभी हमने कुछ सोचते हुए कहा अच्छा पर हमने तो नवरात्रि का व्रत किया है यह मार्च का महीना है करवा चौथ तो अक्तूबर के महीने में होता है। इसके आगे जो बोल कर मेरी आँख खुल गई वो यह कि जो तुम लोग लिपी पुती बैठी हो, बिल्कुल टी वी सीरियल की सास -बहू साजिश, और-सीखो और घर फोड़ो। मंथरा हो पूरी की पूरी। यह सब मेरे सपने में घटी घटना है।कोई व्यक्तिगत न ले। वैसे सुंदर यह है कि सब हरी साड़ी में सुहागिनी देवियां दिखीं।

# व्यंग्य: दीनू की किस्मत



**हनुमान मुक्त**

खुशी में समय कैसे निकल जाता है, पता ही नहीं चलता। रामखिलावन उर्फ आर के साहब का समय भी बहुत अच्छे ढंग से गुजर रहा था। आजकल उनकी गिनती अच्छे अफसरों में होने लगी थी। अपनी अफसर बिरादरी में उनकी अच्छी पोजीशन थी। अच्छे खासे परिवार में उनकी शादी हो गई। वे पापा भी बन गए। सात साल का उनके एक बेटा है।

सिंह साहब जैसे गुरु के मार्गदर्शन और अपनी कार्यशैली से उनके पास अपना मकान और बैंक बैलेंस भी बन गया है। उनकी ही जाति बिरादरी का एक युवक है दीनदयाल।

अपने बूते अनुसार पढ़ने लिखने के बावजूद, काफी कोशिश करने के बाद भी जब किसी सरकारी महकमे में अपनी जगह ढूंढने में वह नाकामयाब रहा तो उसने असर-कारी स्कूल में देश का भविष्य निर्माता बनाने का कार्य शुरू कर दिया। असर-कारी स्कूल मास्टर की तनख्वाह असर-दायक नहीं होने से दीनदयाल स्कूल समय से पहले और बाद में होम ट्यूशन कर अपना गुजारा करने लगा।

घर में उसकी मां के सिवाय कोई नहीं था। पिता का देहांत बहुत पहले बचपन में ही हो चुका था। दीनदयाल की उम्र तीस साल के पार हो गई लेकिन क्या मजाल जो कोई नवयौवना का पिता अपनी पुत्री का हाथ उनके हाथों में देने का मानस बनाता। बेचारा दीनदयाल इधर-उधर ताक-झांक कर अपना काम चला रहा था। ताकते-झांकते उसकी आंखों को भी अब शर्म आने लगी थी। पर बेचारा क्या करता?

यार, दोस्त जब अपने बीवी बच्चों के साथ हंसते बतियाते निकलते तो उसके दिल पर सांप लोट जाता। मन ही मन उसे अपनी किस्मत पर रोना आता। इसी मोहल्ले का होने के कारण सब उसे दीनू ही कह कर पुकारते। प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने के कारण अब वह दीनू से दीनू मास्साब बन चुका था। दीनू का पढ़ाने लिखाने में मन कितना लगता। यह तो नहीं पता लेकिन उसके द्वारा घर पर पढ़ने वाले बच्चे और उनके मां-बाप उससे बहुत प्यार करते। वह भी घर पर बच्चों को पढ़ाने के अलावा सब कुछ करता। बच्चों को पढ़ाई का सामान लाने से लेकर, घर का सामान लाने में भी वह कोई कोताही नहीं बरतता। जैसे तैसे दीनू अपना गुजर-बसर कर रहा था। पिछले कुछ दिनों से वह आर के सर के यहां भी उनके नौनिहाल को घर पर ट्यूशन पढ़ाने का कार्य करने लगा था। अन्य ट्यूशन वालों के घर पर वह एक घंटे से अधिक समय खराब नहीं करता लेकिन आरके साहब की लोकप्रियता और कार्यशैली से प्रभावित होकर वहां वह दो घंटे तक खराब करने में कोताही नहीं बरतता।

उसका मानना था कि यह इन्वेस्टमेंट है जिसका फल उसे भविष्य में अवश्य मिलेगा। दीनू यहां साहब और साहिबा के पर्सनल कामों को भी पूरी मुस्तैदी से मन लगाकर पूरा करता। आरके साहब, साहिबा और उनका नौनिहाल दीनू की कर्तव्य निष्ठा, वफादारी और मेहनत से खुश थे। साहब को दीनू की दयनीय दशा पर काफी दया आती, जिसे दीनू अच्छी तरह जानता था। अपनी दयनीय दशा को अच्छी दशा में बदलने के लिए वह मनोरथ सिद्ध वृक्षपर जाकर मनोकामना का धागा भी बांध आया था।

मनोरथ सिद्ध वृक्ष की कृपा उस पर आई या उसकी मेहनत, कर्तव्य निष्ठा और वफादारी ने अपना रंग दिखाया कि एक दिन शाम को साहब, दीनू पर कुछ अधिक मेहरबान नजर आए। उन्होंने दीनू को एक अखबार थमाते हुए कहा, दीनू! इस अखबार में हमारे महकमे में बाबू की जगह के लिए विज्ञप्ति छपी है। तुम फॉर्म भर दो। दीनू ने अखबार को इधर-उधर पलटा। बोला,साहब इस नाम का अखबार तो आज पहली बार देखा है। सुनकर साहब के चेहरे पर एक रहस्यमई मुस्कान उभर आई। बोले, जब यह बाजार में आएगा ही नहीं तो तुम देखोगे कैसे? इसका प्रसारण हम जैसे कुछ एक अधिकारियों तक ही सीमित है। तुम्हें आम खाने हैं या पेड़ गिनने। जैसा कहा है, वैसा करो। कल शाम तक फॉर्म तैयार कर दे जाना। अत्यंत गोपनीय काम है। किसी से कुछ कहना मत। दीनू को आम खाने थे। साहब के यहां ट्यूशन के काम को और भी निष्ठा से करने का मन ही मन निर्णय किया। साथ ही साहब के निर्देशानुसार अपना भविष्य संवारने का भी। उनके कहे अनुसार फॉर्म तैयार कर गोपनीय ढंग से साहब को दे आया।

कुछ दिनों बाद साहब ने परीक्षा में बैठने का बुलावा पत्र दीनू को थमा दिया और कुछ गोपनीय निर्देशों के साथ ठीक समय पर परीक्षा स्थल पर पहुंचने का आदेश भी। दीनू ने साहब के आदेशों की अक्षरशः पालना की। सभी काम ठीक-ठाक ढंग से संपन्न हो गया। परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों की कुंजी ,पेपर मिलने के आधे घंटे बाद ही दीनू के पास पहुंच गई और दीनू परीक्षा में पास हो गया। अब आ गई टाइप टेस्ट की बारी। परीक्षा तो टीप टाप कर पास कर ली लेकिन अब टाइप टेस्ट कैसे पास करेगा दीनू। उसे तो टाइप करने की एबीसीडी तक नहीं आती फिर वह टाइप की स्पीड में कैसे पास होगा। मन ही मन वह सोच रहा था।अपना संशय उसने साहब के समक्ष रखा।


साहब ने उसे मस्त रहने को कहा। आर के साहब अब खुद अलादीन के चिराग बन चुके थे। जिनके पास हर समस्या का हल था। पी टीआई सिंह साहब का उन पर पूरा असर था। सिंह साहब की उन पर पूरी कृपा दृष्टि थी ।वे अपने गुरु सिंह साहब से पूरा गुरु ज्ञान ले चुके थे। उन्होंने टाइप टेस्ट वाले दिन दीनू को दिन भर उनके घर पर ही रहने का निर्देश दे दिया कि वह आज घर से बिल्कुल ना निकले। अपने स्कूल से भी आज की छुट्टी ले ले। दीनू, साहब के गोरखधंधे के बारे में सोचता उससे पहले ही उसके दिमाग में पेड़ गिनने के बेवकूफी भरे प्रयास की बजाय आम खाने का विचार आ जाता।

उसे आम खाने थे।वह सब कुछ साहब के निर्देशानुसार कर रहा था। टाइप टेस्ट के दिन, दिन भर साहब के घर पर ही रहा ।जो घर का काम वह कर सकता था।उसने पूरी कर्मठता से किया। शाम को उसे छुट्टी मिल गई। टाइप टेस्ट हो गया।कुछ दिनों बाद परीक्षा परिणाम आ गया। दीनू बिना टाइप टेस्ट में बैठे ही टाइप टेस्ट में अच्छे अंको से पास हो गया।

उसे बाद में पता चला कि उसकी टाइप टेस्ट की परीक्षा साहब के ऑफिस में काम करने वाले टाइपिस्ट ने दी थी। भगवान ने दीनू की सुन ली। अब वह आर के साहब के ऑफिस में ही सरकारी बाबू बन गया।

**मुक्तायन, 93, कांति नगर
मुख्य डाकघर के पीछे, गंगापुर सिटी,
सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

**नमिता गुप्ता मनसी**



## हो सके तो सीखना कभी..

पेड़ों से..बीजों के अंकुरन की भाषा,
चिड़ियों से..घोंसला बुने जाने की भाषा,
पतंगों से..हवाओं की भाषा,
बादलों से..बारिश की भाषा,
बूंदों से..पानी की भाषा,
नदियों से..अनवरत बहने की भाषा,
तारों से.. आकाश की भाषा,
सूरज से..धूप की भाषा,
चांद से..चमकने की भाषा!!

नवजात से.. किलकारी की भाषा,
चित्रकार से..रंगों की भाषा,
स्त्री से.. उसके दर्द की भाषा
प्रौढ़ से..जीवन की भाषा
प्रेम से..मौन की भाषा,
और
जीवन से..उसके होने की भाषा!

सुनों..
समाहित हैं ये सभी भाषाएं सदियों से
कवियों की कविताओं में!!

**मेरठ, उत्तर प्रदेश**

# ठंड से तड़कने लगे कान या हो जाए दर्द और सूजन, घर पर ये आयुर्वेदिक उपाय दे सकते हैं आराम

कान आपके सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इसकी वजह से आप बाहरी आवाज को सुन पाते हैं। लेकिन इसके हेल्थ की तरफ ज्यादातर ध्यान तभी जाता है, जब इसमें कोई गड़बड़ी हो जाए। कान आपके मस्तिष्क, नाक, मुंह, आंख जैसे दूसरे अहम हिस्सों से आंतरिक रूप से जुड़ा होता है। ऐसे में इसमें दर्द आपको दूसरे दर्द से की ओर ले जा सकता है।

आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ डिंपल जांगडा ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कान दर्द, सूजन, ब्लॉकेज को ठीक करने के घरेलू उपायों को बताया है। वह कहती हैं कि कान का संक्रमण सर्दियों के दौरान या बैक्टीरिया, वायरस या कवक के आंतरिक, मध्य या बाहरी कान में फंसने के कारण हो सकता है। ऐसे में इससे राहत के लिए ये उपाय फायदेमंद साबित होते हैं।

## कान दर्द को ठीक करने के लिए ट्राय करें ये घरेलू नुस्खें

**तुलसी से पाएं कान के दर्द से छुटकारा**

तुलसी एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीमाइक्रोबियल और इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गुणों से भरपूर होती है। ऐसे में यह कान के दर्द और इन्फेक्शन से राहत दिलाने में मदद कर सकती है।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

कान के दर्द से राहत के लिए तुलसी के कुछ पत्तों को ओखली और मूसल में पीस लें। अब इसके रस को छानकर एक से दो बूंद कान में डालें।

**कान के दर्द में फायदेमंद है लौंग का तेल**

लौंग के तेल में एनाल्जेसिक (दर्द निवारक) और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जिसके वजह से एक्सपर्ट कान के दर्द को ठीक करने के लिए इसे यूज करने की सलाह देती हैं।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

एक चम्मच तिल के तेल में एक लौंग डालकर उबाल लें और ठंडा होने दें। तेल को छान लें और गर्म तेल की 1 से 2 बूंद प्रभावित कान में डालें।

**जैतून के तेल से करें कान दर्द का घरेलू उपचार**

एक्सपर्ट बताती है कि अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (AAP) हल्के से मध्यम लेवल के कान के दर्द को ठीक करने के लिए घरेलू उपाय के रूप में जैतून के तेल को प्रभावी मानता है।



**ऐसे करें इस्तेमाल**

एक चम्मच जैतून के तेल को गर्म करें और इसे ठंडा होने दें। तेल की 1 से 2 बूंद प्रभावित कान में डालें।

**टी ट्री ऑयल से करें कान दर्द ठीक**

टी ट्री ऑयल एंटीफंगल, एंटी बैक्टीरियल, एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो इसे कान के दर्द के लिए प्रभावी बनाते हैं।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

जैतून का तेल, तिल का तेल या नारियल के तेल के एक चम्मच के साथ टी ट्री ऑयल की एक या दो बूंद मिलाएं। तेल को अच्छी तरह मिलाकर कान में 1 से 2 बूंद डालें। उपयोग करने से पहले तेल के तापमान की जांच जरूर करें।

**कान के सूजन को इन मसालों से कम करें**

यदि आपको कान के आसपास के क्षेत्र में सूजन का अनुभव हो रहा है, तो लहसुन और अदरक जैसे एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण वाले मसाले फायदेमंद हो सकते हैं। यह न केवल सूजन को कम करते हैं, बल्कि जमाव को दूर करने और कान के दर्द को कम करने में भी मदद करते हैं।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

लहसुन की 3 कलियां गर्म करके उसमें चुटकी भर नमक मिलाकर कपड़े में रखकर दर्द वाले कान पर सेंकाई करें। इसके अलावा यदि आप अदरक का इस्तेमाल कर रहें तो ताजे अदरक के टुकड़े को ओखल और मूसल में डालकर रस निकालें। तरल को छान लें और प्रभावी कान के पास की त्वचा पर लगाएं।

**जलनेति है कान के लिए फायदेमंद**

जलनेति एक आयुर्वेदिक थेरेपी है। इसमे नाक की एक छेद से पानी को डालकर दूसरे छेद से निकाला जाता है। ऐसा करने से नाक और कान के बीच के रास्ते मे भरा कफ साफ होता है। जिससे कान बंद होने की समस्या नहीं होती है। इसके अलावा आप नीलगिरी के तेल की कुछ बूंदों के साथ भाप भी लें सकते हैं।

---

# किचन की सफाई करने में निकलती है जान, इनसे काम होगा आसान

हर घर में किचन वह जगह है, जहां एक महिला का ज्यादातर समय बीतता है। लेकिन यह घर की सबसे दूषित जगह भी है। यहां ज्यादातर बैक्टीरिया पनपते हैं, जो आपको कभी दिखाई नहीं देते। रसोई एक पवित्र जगह है, जिसकी नियमित रूप से साफ सफाई की जानी चाहिए। नियमित सफाई न केवल किचन को साफ रखती है, बल्कि आप कई बीमारियों से भी बचे रहते हैं। तो आइए हम आपको बताते हैं किचन की सफाई करने के कुछ बेहतरीन टिप्स।



## बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा सबसे अच्छा किचन क्लीनिंग हैक है। यह चिकनाई और दागों को दूर करने का बेहतरीन नुस्खा है। बेकिंग सोडा का उपयोग आपकी रसोई में सिंक, नालियों, ओवन, ग्रिल, माइक्रोवेव और स्टोव सहित लगभग सभी चीजों को साफ करने के लिए किया जा सकता है।

## नींबू और सिरका

सिरका आपकी रसोई में बैक्टीरिया को मारने का सबसे प्रभावी तरीका है। इसकी तीखी गंध को खत्म करने के लिहाज से इसमें नींबू का उपयोग किया जाता है। किचन कैबिनेट्स को साफ करने के लिए नींबू-सिरका का मिश्रण एक स्प्रे बोतल में डालकर किचन कैबिनेट पर स्प्रे करें। कुछ मिनट तक प्रतीक्षा करें और नरम कपड़े से साफ करें।

## असेंशियल ऑयल

असेंशियल ऑयल आपके घर के हर कोने को फ्रेश रखता है। आप अपने पसंद की असेंशियल ऑयल की दो बूंदों को रुई के गोले पर डालें और गंध को खत्म करने के लिए डस्टबिन में रख दें। ये असेंशियल ऑयल कीड़ों को दूर भगाने का अच्छा घरेलू नुस्खा है।

## डिश वॉशिंग सोप

एक कप गर्म पानी में लिक्विड डिशवॉशिंग सोप की दो से तीन बूंदें मिलाएं। अब मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें। स्टोव सहित सभी सतहों पर स्प्रे करें और कुछ मिनटों के बाद पोंछ लें। इसे आप क्विक क्लीनिंग के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

खाना बनाने से पहले और बाद में किचन को साफ करने के लिए यह तरीका अपना सकते हैं। ये हैक्स किचन को स्वच्छ और आपको स्वस्थ रखेंगे।

---

# शरीर में खून बढ़ाने के साथ हड्डियों के लिए फायदेमंद है किशमिश

ड्राई फ्रूट्स के सेवन से कितना फायदा होता है, ये तो आप जरूर जानते होंगे। आज आपको किशमिश के फायदों के बारे में बताएंगे। हर कोई इसके स्वाद से वाकिफ है, लेकिन किशमिश के गुण सिर्फ इसके स्वाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में सहायक है।



सेहत के लिए किशमिश किसी वरदान से कम नहीं है। इसे खाने से कमजोरी, सुस्ती जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है। यह पोषक तत्वों का भंडार है। आइए जानते हैं, किशमिश सेहत के लिए कैसे फायदेमंद है।

## 1.खून की कमी दूर करने में सहायक

किशमिश में आयरन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसमें विटामिन-बी और कई पोषक तत्व पाए जाते है, जो लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण करते हैं। अगर आप एनिमिया से पीड़ित हैं, तो रोजाना किशमिश का सेवन कर सकते हैं।

## 2.पाचन को स्वस्थ रखने में मददगार

किशमिश में मौजूद फाइबर पाचन के लिए लाभकारी है। इसके लिए रात में किशमिश को भिगो दें और सुबह में इसे खाएं। अगर आपको कब्ज की समस्या है, तो भिगे हुए किशमिश का नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं।

## 3.आंखों के लिए फायदेमंद

किशमिश में पर्याप्त मात्रा में बीटा-कैरोटीन, विटामिन-ए और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो आंखों के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके नियमित सेवन से मोतियाबिंद का खतरा भी कम हो सकता है।

## 4.हड्डियों के लिए लाभदायक

किशमिश में कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो हड्डियों को स्वस्थ रखने में सहायता करता है। हड्डियों को मजबूत रखना चाहते हैं, तो नियमित रूप से किशमिश का सेवन कर सकते हैं।

## 5.हाई ब्लड प्रेशर को करता है कंट्रोल

किशमिश में पोटैशियम और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो ब्लड सर्कुलेशन को सुधार कर हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मददगार है।

**सावधानी: लेख में दिए गए सुझाव और टिप्स सिर्फ सामान्य जानकारी के लिए हैं और इसे पेशेवर चिकित्सा सलाह के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। किसी भी तरह के सवाल या परेशानी हो तो फौरन अपने डॉक्टर से सलाह करें।**

# शाम के समय बनाएं टेस्टी आलू ब्रेड चाट, फिर शांत हो जाएगी चटपटा खाने की क्रेविंग



शाम होते-होते कुछ अच्छा और चटपटा खाने का मन होने लगता है। ऐसे में चाट एक ऐसा ऑप्शन है जो क्रेविंग्स को शांत कर सकता है। आप भेलपुरी खाते-खाते बोर हो गए हैं तो कुछ नया ट्राई कर सकते हैं। शाम के नाश्ते में चाट अच्छी लगती है लेकिन लोग घर पर चाट बनाने से बचते हैं।

चाट को अधिक समय और मेहनत वाली रेसिपी समझी जाती है लेकिन हम चाट बनाने की ऐसी आसान और झटपट वाली रेसिपी बता रहे हैं, जिससे आप घर पर ही स्वादिष्ट और हेल्दी चाट का लुत्फ उठा सकते हैं। इस चटपटी चाट को सिर्फ ब्रेड और आलू से बनाया जा सकता है। जानें इसकी आसान रेसिपी -

### आलू-ब्रेड चाट बनाने की आवश्यक सामग्री

घी या रिफाइंड, ब्रेड, उबले आलू, बारीक कटा टमाटर, धनिया और प्याज, भुना जीरा पाउडर, नमक, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला, फेंटा हुआ दही, हरी चटनी, इमली की चटनी, काला नमक, भुजिया- पापड़ी।

### आलू-ब्रेड चाट बनाने की विधि

- सबसे पहले एक पैन में घी गर्म करके उसमें ब्रेड को गोल्डन व क्रिस्पी होने तक सेक लें।
- अब एक अलग बाउल में उबले आलू को छीलकर मैश करें और उसमें कटा टमाटर, प्याज और धनिया मिला लें।
- इस मिश्रण में भुना जीरा पाउडर, नमक, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब क्रिस्पी ब्रेड के ऊपर आलू की स्टफिंग को रखें।
- इसके ऊपर से फेंटा हुआ दही, हरी चटनी और इमली की चटनी डालें। अब काला नमक, भुजिया, पापड़ी या कोई नमकीन ऊपर से डाल दें। अब इसे अनारदाना और नींबू के साथ गार्निश कर लुत्फ उठाएं।

# पराठे को ज्यादा टेस्टी और हेल्दी बनाने के लिए फॉलो करें ये कुकिंग टिप्स



पराठे वैसे तो सर्दियों में ज्यादा अच्छे लगते हैं लेकिन पराठ लवर्स गर्मियों में भी पराठा खाना नहीं भूलते हैं। हालांकि, सप्ताह में एक-दो बार पराठा खाना फायदेमंद है लेकिन रोजाना मील में पराठा खाने से आपके डाइजेशन पर इसका असर पड़ सकता है।

खासकर जिन लोगों का पेट ज्यादातर टाइम पर खराब रहता है, उन्हें रोजाना पराठे नहीं खाने चाहिए लेकिन अगर आप फिर भी पराठे को अपने ब्रेकफास्ट की थाली से अलग नहीं करना चाहते हैं, तो आप पराठा बनाते वक्त ऐसी हेल्दी टिप्स फॉलो कर सकते हैं जिनसे आपका पराठा न सिर्फ हेल्दी बनेगा बल्कि काफी स्वादिष्ट भी बनेगा।

### ऑयल

पराठों को ज्यादा हेल्दी बनाने लिए इसमें इस्तेमाल होने वाले तेल पर भी ध्यान दें। पराठे बनाते समय घी और रिफाइंड तेल के प्रयोग से बचें, और इसके बजाय ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करें।

आप चम्मच से तेल न डालें बल्कि इसके लिए ऑयलिंग ब्रश का इस्तेमाल करें क्योंकि आप इसमें देसी घी डालकर बाद में खा सकते हैं।

### स्टफिंग

आलू के पराठे तो सभी को पसंद होते हैं लेकिन अगर आप कार्ब वाला पराठा नहीं खाना चाहते हैं, तो आप फूलगोभी, प्याज, मूली और यहां तक कि प्रोटीन युक्त पनीर फिलिंग जैसे हेल्दी ऑप्शन चुन सकते हैं। आप आटा गूंदते समय कुछ मेथी के पत्ते या पालक की प्यूरी मिला सकते हैं। आप रात की बची हुई दाल भी इसमें डाल सकते हैं।

### आटा गूंदना

नरम पराठे बनाने के लिए एक किचन हैक है कि पराठे का आटा गूंदते समय इसमें थोड़ा गर्म दूध मिला दें। इससे आटा नरम हो जाएगा और पराठे को थोड़ा अच्छा मीठा स्वाद भी मिलेगा। इसमें आप आटा गूंदते समय आप ताजी मलाई भी डाल सकते हैं।

### क्रिस्पी पराठा

आटा गूंदते समय गुनगुने पानी का प्रयोग करें और इसमें हमेशा एक चम्मच घी डालें। आटा गूंदने के बाद, इसे एक प्याले में रखें, थोड़ा-सा तेल लगाकर इसे मलमल के कपड़े से ढक कर रख दें।

### मीडियम आंच रखें

पराठे को तवे पर रखने से पहले ध्यान दें कि तवा गरम हो. इसे ज्यादा ठंडे या गर्म तवे पर रखने से पराठा सख्त हो जाएगा। साथ ही पराठे को पकाते समय आंच को भी मीडियम ही रखें। बहुत तेज आंच परपराठा बाहर से जल जाएगा और अंदर से कच्चा रह जाएगा।

# सॉफ्ट फूली हुई रोटियां बनाने के लिए अपनाएं ये किचन टिप्स, क्या है आटा स्टोर करने का सही तरीका

**महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी किचन में रोटी बनाने के लिए आटा गूंथते समय होती है। ऐसे में अगर आटा अच्छी तरह न गूंथा हुआ हो तो उसकी रोटियां भी अच्छी नहीं बन पाती है।**

महिलाएं अक्सर यह शिकायत करती हैं कि आटा गूंथने पर उनसे या तो आटा जरूरत से ज्यादा सख्त हो जाता है या फिर गीला हो जाता है। अगर आपकी भी यही समस्या है तो आप ये किचन हैक्स अपनाकर फूली हुई सॉफ्ट गोल रोटियां बड़े आराम से बना सकती हैं।

### सॉफ्ट रोटी बनाने के लिए अपनाएं ये किचन टिप्स-

आटा गूंथने के लिए करें गुनगुने पानी का इस्तेमाल-

रोटी बनाने के लिए जब भी आटा गूंथें तो पानी को थोड़ा गुनगुना कर लें। इस टिप की मदद से रोटियां सॉफ्ट बनना शुरू हो जाएंगी। आप चाहें तो आटे में थोड़ा सा मोयन यानी आधा चम्मच तेल भी डाल सकती हैं।

### आटा गूंथने के तुरंत बाद ना बनाएं रोटी -

रोटी के लिए आटा गूंथ लिया है तो कम से कम 10 मिनट के लिए उसे ढक कर रख दें। आटे को थोड़ा खमीर देने से भी रोटियां बहुत अच्छी बनती हैं।

### आटा स्टोर करते समय रखें इस बात का ध्यान-

आटा स्टोर करते समय सबसे पहले तो कोशिश करें कि आपका आटा बहुत ज्यादा देर तक रखा न रहे। 24 घंटे पुराने आटे का इस्तेमाल बिलकुल भी न करें। इसके अलावा आटा स्टोर करते समय ध्यान रखें कि तेल या घी उसमें लगा दें।

घी या तेल लगाने के बाद आटे को एल्युमिनियम फॉयल में लपेट कर किसी एयर टाइट कंटेनर में ही फ्रिज में रखें। ऐसा करने से आटा ज्यादा लंबे समय तक फ्रेश रह सकेगा।



Wednesday
17 January 2024

# BNM Fantasy



## मुश्किल में नयनतारा की फिल्म अन्नापूर्णी

जवान एक्ट्रेस नयनतारा की फिल्म अन्नापूर्णी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है, हालांकि रिलीज के साथ ही फिल्म विवादों से घिर गई है। फिल्म के एक सीन में भगवान श्रीराम को मांसाहारी बताया गया था, जिसके चलते फिल्ममेकर्स के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में शिकायत दर्ज की गई है। शिवसेना के पूर्व नेता रमेश सोलंकी ने 6 जनवरी को फिल्म अन्नापूर्णी के मेकर्स के खिलाफ मुंबई में शिकायत दर्ज करवाई है। उनका आरोप है कि मेकर्स ने भगवान श्रीराम का अपमान कर हिंदू समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है शिकायत के अलावा भी रमेश सोलंकी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्म की कड़ी आलोचना की।


## रश्मिका मंदाना- विजय देवरकोंडा कर रहे हैं सगाई!

एनिमल एक्ट्रेस और नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना जल्द ही लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा से सगाई कर सकती है। दोनों ने आज तक कभी अपने रिलेशनशिप को पब्लिकली एक्सेप्ट नहीं किया है, लेकिन अब रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों जल्द ही सगाई की ऑफिशियल अनाउंसमेंट के साथ रिश्ते पर मुहर लगाने वाले हैं। न्यूज वेबसाइट न्यूज 18 तेलुगु ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा फरवरी में सगाई करने वाले हैं। दोनों फरवरी के दूसरे हफ्ते में सगाई कर अपने रिलेशनशिप की ऑफिशियल जानकारी देंगे। हालांकि दोनों की टीम या एक्टर्स की तरफ से इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। बताते चलें कि रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा साउथ के स्टार्स हैं। दोनों ब्लॉकबस्टर फिल्मों गीता-गोविंदम और डियर कॉमरेड में साथ नजर आए हैं, जिनमें इनकी ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री काफी पसंद की गई थी। फिल्मों के सेट से खबरें थीं कि दोनों रिलेशनशिप में हैं, हालांकि दोनों ही एक्टर्स ने कभी इस पर खुलकर बात नहीं की है। दिवाली के खास मौके पर विजय देवरकोंडा ने अपने घर में दिवाली पार्टी रखी थी, जिसमें रश्मिका भी पहुंची थीं। तस्वीरें सामने आने के बाद से ही दोनों के रिलेशनशिप को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। इसके अलावा भी दोनों कई बार साथ वेकेशन मनाते भी नजर आए हैं। नवंबर में रश्मिका मंदाना को एयरपोर्ट में विजय देवरकोंडा की हुडी पहने हुए स्पॉट किया गया था।



## मलाइका- अर्जुन के ब्रेकअप की खबरों पर लगा विराम

### मलाइका ने की अर्जुन से खास डिमांड



फिल्मी गलियारों में बीते कई दिनों से चर्चा है कि मलाइका अरोड़ा ने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर से ब्रेकअप कर लिया है। इसी बीच अब फराह खान के एक वीडियो से ये सभी अफवाहें बेबुनियाद साबित हुई हैं। फराह खान के बर्थडे पर मलाइका ने अपने बॉयफ्रेंड अर्जुन से खास डिमांड कर उन्हें सरप्राइज दिया था।9 जनवरी को फराह खान 59 साल की हो गई हैं। फराह के बर्थडे पर सरप्राइज देने के लिए उनकी दोस्त और को-जज मलाइका अरोड़ा ने उनके लिए घर का खाना मंगवाया था। क्योंकि मलाइका खुद झलक दिखला जा की शूटिंग में व्यस्त थीं, तो उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर से घर का खाना लाने की डिमांड की थी।फराह खान ने खुद वीडियो शेयर कन्फर्म किया है कि वो खाना मलाइका नहीं बल्कि अर्जुन कपूर के घर से आया है। मलाइका, फराह को सरप्राइज देने के लिए झलक दिखला जा 11 के सेट पर अपनी वैनिटी में ले गई थीं, जहां उन्होंने उन्हें खाना खिलाया है। फराह ने वीडियो में खाना दिखाते हुए कहा है, 'वाह, मेरे बर्थडे का लंच हो रहा है और इतना सारा खाना मलाइका अरोड़ा ने खुद अपने हाथों से कॉल कर अर्जुन जी से मंगवाया है। इस खाने के लिए थैंक्यू अर्जुन।' इस वीडियो को शेयर करते हुए फराह ने लिखा है, 'झलक दिखला जा के शूट पर प्री बर्थडे सेलिब्रेशन। मुझे बिगाड़ने वाले दोस्त पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। थैंक्यू मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर, ये लंच ऑर्गेनाइज करने के लिए। रवीना टंडन का भी स्पेशल डिश लाने के लिए शुक्रिया और ऋत्विक धनजानी का भी ज्यादा खाना खाने के लिए शुक्रिया।' बताते चलें कि मलाइका अरोड़ा ने अकेले क्रिसमस सेलिब्रेट किया था, जबकि अर्जुन कपूर अपनी बहन अंशुला के साथ लंदन में थे। दोनों को अलग-अलग सेलिब्रेट करते देखने पर दोनों के ब्रेकअप के कयास लगाए जा रहे थे।